**Regarding safety of personal data of students utilized for generation of APAAR ID and Digi-locker-Laid**

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) :** मैं सरकार का ध्यान छात्रों की गोपनीयता और उनके अधिकारों से जुड़े एक गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । देशभर के स्कूलों में छात्रों के आधार कार्ड और व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग APAAR ID और Digi Locker खाता बनाने के लिए किया जा रहा है । माता-पिता की सहमति ली जा रही है, लेकिन यह सहमति बाध्यकारी प्रतीत होती है । सरकार यह सुनिश्चित नहीं कर पाई है कि इस डेटा का दुरुपयोग नहीं होगा । साथ ही, ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार, जिनके पास डिजिटल सेवाओं की पर्याप्त पहुंच नहीं है, इस प्रक्रिया से वंचित हो सकते हैं । क्या यह उचित है कि सहमति न देने वाले छात्रों को शैक्षिक अवसरों से वंचित किया जाए? यह उनकी स्वतंत्रता और अधिकारों का उल्लंघन है । मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि: 1. छात्रों के डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए । 2. सहमति की प्रक्रिया को स्वैच्छिक रखा जाए । 3. ग्रामीण और वंचित परिवारों को जागरूकता और संसाधन प्रदान किए जाएं । शिक्षा के अधिकार और छात्रों की स्वतंत्रता के लिए सरकार को इस विषय पर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए ।